मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 163 | रविवार, 15 सितंबर 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

/ulhasvikas | संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) | Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

ईशा के फिल्मों में आने के खिलाफ थे धर्मेंद्र

# गणपति जुलूस में लेजर लाइट पर प्रतिबंध !

- लेज़र के प्रकाश से आंखों के स्वास्थ्य को खतरा
- नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी



**उल्हासनगर.** सार्वजनिक गणेशोत्सव जुलूसों के दौरान लेजर लाइट के इस्तेमाल के कारण नागरिकों की आंखों को नुकसान पहुंचने की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए ठाणे जिले की पुलिस एजेंसियों ने सख्त कदम उठाए हैं। पुलिस उपायुक्त डॉ. सुधाकर पठारे ने उल्हासनगर, अंबरनाथ और बदलापुर शहरों में सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों, ढोल-ताशा वादकों, डीजे चालकों, साथ ही लेजर लाइट विक्रेताओं को लेजर लाइट के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के लिए नोटिस जारी किया है।

गणेशोत्सव महाराष्ट्र का सबसे महत्वपूर्ण और भावनात्मक त्योहार माना जाता है। जुलूस में हमेशा ढोल की थाप, डीजे की धुन पर नाचते गणेश भक्त और लेजर लाइट की चमकती रोशनी के साथ सार्वजनिक गणेश मंडल बजाते हैं और अपने बप्पा को विसर्जित करते हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों में लेजर लाइट के इस्तेमाल से कई लोगों की आंखों को गंभीर नुकसान हो रहा है। जुलूस के दौरान कुछ घंटों तक लेजर के संपर्क में रहने से आंखों पर गंभीर असर पड़ने की आशंका विशेषज्ञों ने जताई है.

नेत्र रोग विशेषज्ञों ने कहा कि लेजर रोशनी से आंखों की लैकुना प्रभावित होने और स्थायी दृष्टि हानि होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। उल्हासनगर परिमंडल 4 के पुलिस उपायुक्त डॉ. सुधाकर पठारे ने अंबरनाथ, उल्हासनगर और बदलापुर शहरों में सार्वजनिक गणेश मंडलों और डीजे और ढोल-ताशा वादकों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। इस साल अनंत चतुर्थी के जुलूस में लेजर लाइट का इस्तेमाल न करने का आदेश दिया गया है और अगर कोई इन नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाएगी.




पुलिस उपायुक्त डॉ. सुधाकर पठारे

## निर्देशों का किया जाएगा पालन



उल्हासनगर शॉपकीपर एसोसिएशन के अध्यक्ष **दीपक छतलानी** ने कहा कि पुलिस के आदेश के अनुसार व्यापारी लेजर लाइट बेचते समय सावधानी बरतेंगे. लेजर की क्षमता पर कोई प्रतिबंध नहीं होने से बेचने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन निर्देशों का पालन करने में सभी सहयोग करेंगे. गणेशोत्सव के जुलूसों के दौरान ढोल-नगाड़ों और डीजे की आवाज पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## रेटिना को सबसे अधिक खतरा



लेजर किरणों के आधुनिकीकरण और इसकी तीव्रता बढ़ने के कारण लोगों की आंखों को इन किरणों से सबसे ज्यादा खतरा है। इन लेजर किरणों की तीव्रता अधिक होती है, इसलिए रेटिना को सबसे अधिक खतरा होता है। इसलिए इन किरणों की पहुंच में सावधानी बरतनी चाहिए।

**-डॉ. शशि कपूर ,** नेत्र रोग विशेषज्ञ

# गंगोत्री ने कराया कालानी समर्थकों पर अपराध दर्ज





- मारपीट के मामले में एक सप्ताह बाद मुकदमा दर्ज

**उल्हासनगर.** गोल मैदान में विश्वराज मित्र गणपति मंडल के सामने मारपीट मामले में क्रिस बजाज की शिकायत पर भरत गंगोत्री और अन्य के खिलाफ दर्ज किया गया. वहीं पूरब गंगोत्री की शिकायत के 7 दिन बाद क्रिस बजाज और अन्य के खिलाफ उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है.

7 सितंबर की रात अजित पवार गुट के शहर जिला अध्यक्ष भरत गंगोत्री व अन्य के साथ क्रिस बजाज व अन्य ने मारपीट की थी. ऐसे में उल्हासनगर के राजनीतिक गलियारों में आरोप लगने लगे. भरत गंगोत्री द्वारा क्रिस बजाज और अन्य लोगों द्वारा हमारे साथ मारपीट करने का मामला उठाने के बाद, उल्हासनगर पुलिस ने आखिरकार 7 दिनों के बाद क्रिस बजाज, आयुष साहित्य, ललित लासी, कुणाल वसिठा, देवी उर्फ देवेश कुकरेजा और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया।

पूरब गंगोत्री और क्रिस बजाज की आपसी शिकायत के बाद, उल्हासनगर पुलिस ने उनके समर्थकों के साथ उनके खिलाफ मामला दर्ज किया। विधानसभा चुनाव से पहले शहर में राजनीतिक माहौल गरमाने लगा है और भरत गंगोत्री उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार हैं और गंगोत्री और कलानी की राजनीतिक दुश्मनी भी जगजाहिर है.

# युवती को छेड़ने को लेकर मारपीट

**कल्याण.** कल्याण पूर्व के नवी गोविंदवाड़ी इलाके में एक युवती से छेड़छाड़ को लेकर दो गुटों के बीच मारपीट होने की घटना सामने आई है. एक युवती के साथ दो युवकों ने पहले छेड़छाड़ की और उसे अपना मोबाइल नंबर भी दे दिया. लड़की के परिजन युवक से पूछताछ करने उसके घर गए और कहासुनी बढ़ने पर दोनों गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई. आखिरकार दोनों गुटों के खिलाफ एक दूसरे की शिकायत पर थाने में मामला दर्ज कराया गया है. तिलकनगर पुलिस ने दोनों समूहों के खिलाफ मामला दर्ज पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, पुलिस आगे की जांच कर रही है. इस घटना से कल्याण पूर्व के नवी गोविंदवाड़ी इलाके में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल हो गया.

# 7 साल की बच्ची से शिक्षक ने की छेड़छाड़

- आरोपी शिक्षक गिरफ्तार



**उल्हासनगर.** शहर पूर्व के एक प्रतिष्ठित इंग्लिश मीडियम स्कूल में एक शिक्षक द्वारा स्कूल परिसर में 7 साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है. इस मामले में हिललाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया और शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया. कोर्ट ने टीचर को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है.

7 साल की एक बच्ची उल्हासनगर पूर्व के एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी मीडियम स्कूल में पहली कक्षा में पढ़ती है। बदलापुर की घटना से सतर्क एक लड़की के माता-पिता ने गणेशोत्सव की छुट्टियों के दौरान लड़की से बात की और लड़की ने कहा कि शिक्षक गलत जगह छू रहा था। इससे अभिभावक हैरान रह गए और उन्होंने स्कूल प्रशासन से इस बारे में पूछा। इसके बाद लड़की के माता-पिता गुरुवार को हिललाइन पुलिस स्टेशन पहुंचे और पुलिस को घटना के बारे में बताया. घटना की गंभीरता को समझते हुए पुलिस ने छेड़छाड़ और पॉस्को के तहत मामला दर्ज कर टीचर को भी गिरफ्तार कर लिया गया.

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल जगताप ने बताया कि अदालत ने शिक्षक को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया. साथ ही 6 सितंबर यानी गणेशोत्सव की छुट्टी से पहले भी इस तरह की बात हुई थी. पुलिस अधिकारी जगताप ने बताया कि पुलिस इस संबंध में गहन जांच कर रही है. इस बीच स्कूल में गणेशोत्सव की छुट्टी होने के कारण स्कूल प्रशासन से संपर्क नहीं हो सका।

## बदलापुर-अंबरनाथ के बाद उल्हासनगर?

बदलापुर के स्कूल में बच्ची से दरिंदगी की घटना के बाद बदलापुर और अंबरनाथ में भी दरिंदगी की कई घटनाएं हुईं. उल्हासनगर में महिला पत्रकार से दरिंदगी की घटना को अभी एक दिन भी नहीं गुजरा है कि इसी तरह एक शिक्षक द्वारा 7 साल की बच्ची से दरिंदगी का मामला सामने आया है।

# उपयुक्त ने हवालदार को बना दिया कांस्टेबल

**ठाणे.** ठाणे के एक पुलिस हवलदार को सोशल मीडिया में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के खिलाफ टिप्पणी करना भारी पड़ गया. पुलिस उपायुक्त के आदेश पर पदावनति कर उसे फिर से कांस्टेबल बना दिया गया है. बताया गया कि पुलिस हवलदार ने व्हाट्सएप ग्रुप पर प्रधानमंत्री, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और अन्य के बारे में आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की थी. जिसकी शिकायत वरिष्ठ स्तर पर की गयी थी. एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हवलदार ने इस साल 3 जुलाई को अपमानजनक टिप्पणी की थी जिसके बाद उसके खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई थी. पुलिस उपायुक्त के आदेश के अनुसार, उसे पदावनत कर दिया गया.

# ईद-ए-मिलाद की छुट्टी 18 को

- 16 सितंबर की छुट्टी की गई रद्द
- महाराष्ट्र सरकार ने मुसलमानों को किया खुश

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** राज्य शासन द्वारा अधिसूचित किए गए 24 सार्वजनिक छुट्टियों में ईद-ए-मिलाद त्यौहार की छुट्टी सोमवार 16 सितंबर को दर्शाई गई है. राज्य सरकार ने अब ये छुट्टी 18 सितंबर बुधवार को घोषित करते हुए 16 सितंबर की सार्वजनिक छुट्टी को रद्द कर दिया है. इसका कारण ये है कि मुंबई के मुसलमानों ने एक बैठक लेकर 17 सितंबर को ईद-ए-मिलाद त्यौहार पर निकाला जाने वाला जुलूस 18 सितंबर को निकालने की घोषणा की है ताकि समाज में शांति व सामाजिक सौहार्द कायम रहे.

बैठक के बाद मुस्लिम समाज के नेताओं ने महाराष्ट्र सरकार से विनती की थी कि जुलूस 18 को निकलेगा इसलिए बुधवार 18 सितंबर को ईद-ए-मिलाद की छुट्टी की घोषणा की जाए ताकि सभी मुसलमान जुलूस में शामिल हो सकें. महाराष्ट्र सरकार ने उनकी विनती को स्वीकार करते हुए 18 सितंबर को छुट्टी की घोषणा की है.

विदित हो कि 17 को अनंत चतुर्दशी ये हिंदुओं का त्यौहार है. इस दिन गणेश मूर्तियों का विसर्जन बड़े पैमाने पर होता है. जुलूस और विसर्जन एक ही दिन होने से आपस की भाईचारगी में दरार भी आ सकता है. अब ये कहा जा रहा है कि मुसलमानों द्वारा लिए गए निर्णय से खुश होकर सरकार ने उनकी विनती को स्वीकार करते हुए 18 को ईद-ए-मिलाद की छुट्टी की घोषणा की है. मुस्लिम समाज भी खुश हो गया है.

# कल्याण-कर्जत राजमार्ग का आयुक्त ने किया निरीक्षण

- सड़कों पर गड्ढे, ट्रैफिक जाम, पार्किंग, फेरीवाले, गंदगी आदि के समाधान के निर्देश



**उल्हासनगर.** मनपा आयुक्त विकास ढाकने ने कल्याण-कर्जत राज्य राजमार्ग का निरीक्षण किया, जो उल्हासनगर शहर से होकर गुजरता है और सबसे अधिक यातायात है। इस मौके पर उन्होंने मनपा अधिकारियों को गड्ढे, ट्रैफिक जाम, अवैध पार्किंग, अवैध फेरीवाले, गंदगी भरी सड़कों का समाधान करने के निर्देश भी दिए.

पिछले कुछ दिनों से कल्याण-कर्जत हाईवे पर भीषण जाम लगा हुआ है. बड़ी संख्या में गड्ढों और गंदगी की शिकायत मिलने के बाद मनपा आयुक्त विकास ढाकने ने खुद सड़क का निरीक्षण किया। इस मौके पर अपर आयुक्त जमीर लेंगरेकर, किशोर गवस, उपायुक्त डॉ. सुभाष जाधव, सिटी इंजीनियर तरूण सेवकानी और वार्ड अधिकारी गणेश शिम्पी, मनीष हिवरे और कर्मचारी उपस्थित थे।

छत्रपति शिवाजी महाराज प्रवेश द्वार एवं डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर प्रवेश द्वार की पर्याप्त मरम्मत नहीं की जा रही थी। यहां स्थित फव्वारे के पास जंगली पेड़ और घास उगी हुई नजर आई। इसी तरह झंडों, बोर्डों, होर्डिंगों, बैनरों, बिजली के तारों, ट्रांसफार्मरों के कारण यह प्रवेश द्वार बदरंग होता नजर आया। हाईवे के दोनों ओर डिवाइडर पर वाहनों की अनाधिकृत पार्किंग, रिक्शा स्टैंड, ठेले, वाशिंग सेंटर, पतरा शेड, गड्ढे, कूड़े के ढेर, डिवाइडर में सूखे पड़े पेड़ देखने के बाद आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कदम उठाने को कहा है.

# दो लोगों पर लड़की को छेड़ने का आरोप

- पुलिस में अपराध दर्ज

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ विमको नाका निवासी आलिया निजामुद्दीन शेख (23) ने यहां के निवासी 2 लोगों के विरुद्ध अंबरनाथ पुलिस में ये शिकायत की है कि दोनों ने उसे रास्ते में रोककर छेड़ा और गालीगलौज की है. पुलिस ने अरबाज कुरैशी और अरबाज अली के खिलाफ अपराध पंजीकृत किया है.

आलिया शेख के अनुसार वह विमको नाका, नेताजी बाजा की निवासी है. 3 सितंबर को दोपहर में 3 बजे स्टेशन से आटो रिक्शा में अपने घर की ओर आ रही थी. डीएमसी कॉर्नर पर उनकी रिक्शा के पीछे से दो व्यक्ति अरबाज कुरैशी और अरबाज अली बाइक पर बैठक आए, उनकी रिक्शा को रुकाया. अरबाज कुरैशी ने 'ऐ बाहर निकल' बोलकर उसका हाथ पकड़कर उसे बाहर की तरफ खींचा और कहा तेरा पति तेरे साथ नहीं रहता. मैं तेरा सहारा बनूंगा. ऐसा बोलकर मेरा हाथ पकड़कर खींच रहा था. उसका दूसरा साथी अरबाज अली हंस रहा था. कुरैशी ने हाथ पकड़कर उसे रिक्शा से बाहर निकाला. रिक्शा वहां से जाने के बाद उसका बुरका खींचकर चेहरा खुला किया. वह उसे करीब लेने की कोशिश करता रहा, ऐसा आरोप आलिया ने लगाया है. आलिया चिल्लाई तो दोनों वहां से भाग खड़े हुए. पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही है.

# उल्हासनगर में वंचित बहुजन आघाड़ी के कार्यकर्ता आक्रामक

- सड़कों के गड्ढे में बैठकर काटा केक



**उल्हासनगर.** वंचित बहुजन अघाड़ी ने विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रो. प्रवीण मालवे के नेतृत्व में सड़क के गड्ढे में बैठकर केक काटकर मनपा प्रशासन का विरोध किया. कैंप नंबर-2, खेमानी इलाके की सड़कें गड्ढों से भरी हैं, लेकिन मनपा द्वारा गड्ढों को नहीं भरा जा रहा है.

उल्हासनगर में सड़कों की बुरी हालत को लेकर सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने विरोध किया. साथ ही गणेशोत्सव से पहले सड़क के गड्ढे भरने की भी मांग की। इसके बाद भी महानगर पालिका सड़कों की मरम्मत नहीं करा सकी। चूंकि बप्पा का आगमन गड्ढे वाली सड़क से हुआ और विसर्जन भी गड्ढे वाली सड़क से हुआ, इसलिए गणेश भक्तों ने निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता समेत संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की.

कमिश्नर को उस ठेकेदार को काली सूची में डालने का भी निर्देश दिया, जिसने गड्ढे भरने का काम दिया था। कैंप नंबर-2, खेमानी से राज्य मार्ग तक जाने वाली सड़क गड्ढों से भरी है और वाहन चालकों के साथ नागरिक भी सड़क के गड्ढों से हैरान हैं.

खेमानी में म्यूनिसिपल स्कूल नंबर-24 के गड्ढे में बैठे प्रो. प्रवीण मालवे के नेतृत्व में वंचित बहुजन अघाड़ी के कार्यकर्ताओं ने केक काटा. वंचित बहुजन अघाड़ी के पदाधिकारियों ने मनपा आयुक्त से गणेशोत्सव से पहले सड़कों की मरम्मत कराने और जानलेवा गड्ढों को भरने की मांग की थी. इसके बाद भी सड़क में गड्ढे ज्यों के त्यों बने रहने पर प्रो. माल्वे ने ने आलोचना की. लेकिन मनपा प्रशासन द्वारा इसकी अनदेखी किये जाने के विरोध में प्रो. माल्वे ने सड़क के गड्ढे में केक काटा. मालवे समेत पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आरोप है कि इसके बाद भी सड़क के गड्ढे भरने के काम में तेजी नहीं आई।

# अंबरनाथ में हो सकता है भोपाल जैसा हादसा

**केमिकल कंपनियों एवं एमपीसीबी की लापरवाही से अंबरनाथ के हजारों निवासियों की जान खतरे में**

उल्हास विकास संवाददाता



विधायक किणीकर MPCB अधिकारियों पर भड़के

**अंबरनाथ.** मोरिवली गैस रिसाव कांड में जिन एमपीसीबी के अधिकारियों ने सुस्ती, लापरवाही की है, उनको सस्पेंड करने की मांग अंबरनाथ के विधायक डॉ. बालाजी किणीकर करनेवाले हैं. जिस कंपनी से गैस रिसाव हुआ था, उस कंपनी निककेम प्रोडक्ट के मालिक पर अपराध दर्ज करने की प्रक्रिया एमपीसीबी ने शुरू किया है.

विदित हो कि गुरुवार रात में लगभग 4 घंटे तक उपरोक्त कंपनी से गैस रिसाव के कारण शहर में जहरीला धुआं फैलने से लोगों ने गले में खराश, उल्टी जैसा होना, सांस रुकने की शिकायतें महसूस की. गैस रिसाव के समय एमपीसीबी के अधिकारी अपना मोबाइल फोन बंद करके सो गए थे. इस बात को लेकर किणीकर को अधिकारियों पर भड़कते हुए देखा गया. उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि क्या वह हम लोगों के मरने के बाद घटनास्थल पर आएंगे. यहां पर 5 कंपनियों को बंद करने का आदेश जारी हुआ था. ये सभी कंपनियां फिर से कैसे चालू हो गई? ऐसा प्रश्न अधिकारियों से करने के बाद एक अधिकारी पर वह ये कहते हुए दौड़े कि 'दूंगा रख के एक'.



गैस रिसाव के बाद सड़कों पर छाया अंधेरा....

दूसरी ओर शरद पवार गट राकांपा ने यहां की कंपनियों के खिलाफ आंदोलन करने की धमकी दी है. यहां पर एमपीसीबी के अधिकारियों की मेहरबानी से केमिकल कंपनियां मनमानी कर रही हैं. यहां पर लगभग 100 केमिकल की कंपनियां हैं, जो सभी नियमों को ताक पर रखकर चल रही हैं. ये सभी कंपनियां अंबरनाथ वासियों की जान की दुश्मन बन गई हैं. सरकार इन सभी कंपनियों का स्थलांतर करे, ऐसी मांग यहां के निवासियों ने की है.

# स्टेशन पर गावठी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार





**कल्याण.** बदलापुर रेलवे स्टेशन पर गोलीबारी की घटना के बाद अब रेलवे पुलिस ने कसारा रेलवे स्टेशन से एक अपराधी को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है. स्टेशन पर चल रही गश्त के दौरान पुलिस ने आरोपी को हथकड़ी लगा दी. कट्टाधारी अपराधी का नाम आकाश श्रीवंत है और उसके पास से गावठी बनावट का एक लोडेड कट्टा बरामद किया गया है.

पता चला है कि आरोपी आकाश के खिलाफ पहले भी नासिक रोड पुलिस स्टेशन में पॉक्सो और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जा चुका है. कल्याण लोहमार्ग पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल ने आकाश श्रीवंत नाम के एक युवक को गिरफ्तार किया है, जो बदलापुर रेलवे स्टेशन पर गोलीबारी की घटना के बाद गावथी कट्टा के साथ कसारा रेलवे स्टेशन के आसपास घूम रहा था। यह घटना रेलवे स्टेशन पर नियमित गश्त के दौरान सामने आई। आकाश श्रीवंत एक कुख्यात अपराधी है और उस पर नासिक रोड पुलिस स्टेशन में बाल यौन शोषण और आ ग ने या स्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

गश्त पर निकले एक पुलिसकर्मी ने कसारा स्टेशन पर एक संदिग्ध व्यक्ति को आकाश में घूमता हुआ देखा. पूछताछ के बाद तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा मिला। पुलिस ने कट्टा जब्त कर लिया और तुरंत उसे हथकड़ी लगा दी। आकाश को आगे की जांच के लिए कल्याण लोह मार्ग पुलिस को सौंप दिया गया है और उसके अन्य अपराधों की जांच शुरू कर दी गई है।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## सेना के अफसरों पर हमला

इससे ज्यादा त्रासद और शर्मनाक और क्या होगा कि जिस समय कोलकाता में प्रशिक्षु चिकित्सक की बलात्कार और हत्या की घटना पर समूचे देश में दुख और आक्रोश का भाव है, उस समय भी देश के अलग-अलग हिस्सों से महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। लगता है, न तो अपराधियों के भीतर कोई खौफ रह गया है और न सरकारों को इस बात की जरूरत लगती है कि महिला सुरक्षा को लेकर चौकसी बढ़ाई जाए।

मध्यप्रदेश के उज्जैन में हाल ही में सरेआम सड़क किनारे बलात्कार की एक घटना ने राज्य में सरकारी तंत्र और वहां की खोखली सुरक्षा व्यवस्था की हकीकत जाहिर की थी। मगर सरकार को कानून-व्यवस्था दुरुस्त करने की जरूरत नहीं लगी। अब इंदौर जिले के महू में एक पर्यटन स्थल जामगेट पर मंगलवार देर रात सेना के दो प्रशिक्षु अफसरों और उनके साथ गई महिला मित्रों से लूट और एक महिला से कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार की खबर सामने आई है। यह घटना एक बार फिर यही दर्शाती है कि अपराधी तत्त्व राज्य में खुलेआम घूम रहे हैं और कानून-व्यवस्था एक तरह से निष्क्रिय है।

हैरानी की बात यह है कि महू में लूटपाट और कथित बलात्कार की घटना जिस जगह हुई, वह सेना के 'फायरिंग रेंज' में है और उसे पर्यटन स्थल के तौर पर भी जाना जाता है। वहां सात-आठ अपराधियों के एक समूह ने सेना के दो प्रशिक्षु अफसरों और उनकी दो महिला मित्रों पर हमला कर दिया। हत्या की धमकी देते हुए उनसे दस लाख रुपए मांगे और एक महिला से कथित तौर पर बलात्कार किया।

यों तो मध्य प्रदेश सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में खुद को बेहद संवेदनशील बताती रही है, अपराधियों के खिलाफ अधिकतम सख्ती बरतने और कड़ी सजा दिलाने का दावा करती है, मगर हकीकत यह है कि वहां महिलाएं कहीं भी खुद को सुरक्षित नहीं पा रहीं। सवाल है कि जब सेना के प्रशिक्षु अफसरों के खिलाफ और 'फायरिंग रेंज' जैसे सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में भी अपराधी बेखौफ जघन्य वारदात को अंजाम दे सकते हैं, तो राज्य में आम लोग कितने सुरक्षित हैं!

# कहीं आपके बच्चे स्क्रीन पर ज्यादा वक्त तो नहीं बिता रहे

पिछले दिनों स्वीडन के समाज कल्याण व जन-स्वास्थ्य से जुडे.मंत्री ने कहा कि दो वर्ष तक के बच्चों को किसी भी तरह के डिजिटल उपकरण का उपयोग नहीं करने देना चाहिए, क्योंकि माता-पिता, बाल-रोग विशेषज्ञ और सरकार इस तकनीकी माहौल से कैसे निपटा जाए, इसकी कोशिशों में जुटे हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि हमें चीजों को फिर से अपने नियंत्रण में लेना होगा। बचपन को नए सिरे से परिभाषित करना होगा और बच्चों को उनका बचपन वापस लौटाना होगा। उनकी मासूमियत बचाने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य का सही विकास हो, यह भी आवश्यक है।

स्वीडन ने 'स्क्रीन टाइम' के बारे में जो अपनी रिपोर्ट जारी की है, उसकी प्रमुख बातें हैं- दो साल तक के बच्चों को स्क्रीन से बिल्कुल दूर रखा जाए। दो से पांच साल तक के बच्चे एक घंटे, छह से बारह साल के बच्चे दो घंटे और किशोर तीन घंटे से ज्यादा वक्त स्क्रीन पर न बिताएं। सोते वक्त या शयन कक्ष में मोबाइल या किसी किस्म की स्क्रीन का प्रयोग बिल्कुल वर्जित किया जाए। जाहिर है, माता-पिता और अभिभावकों को खास ध्यान देना होगा कि उनके बच्चे कम से कम समय किसी स्क्रीन पर बिताएं। इसके लिए वे अपने बच्चों से ज्यादा बातचीत करें, उन्हें अधिक समय दें। यही नहीं, उनका बच्चा कितना समय स्क्रीन पर बिता रहा है, इस पर नजर जरूर रखें।

अमेरिका और आयरलैंड के बाल रोग विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक बच्चा डेढ़ साल का न हो जाए, तब तक उसे मोबाइल या किसी भी तरह की स्क्रीन से दूर रखा जाना चाहिए। फ्रांस में तो इससे भी आगे



की बात कही गई कि तीन साल से पहले बच्चों के हाथों में मोबाइल नहीं थमाना चाहिए और किसी भी तरह की स्क्रीन से उन्हें दूर रखना चाहिए। इसमें टेलीविजन स्क्रीन भी शामिल है। विशेषज्ञ यह भी कहते हैं कि जो बच्चे अभी बोलना, चलना सीख रहे हैं, उनका किसी भी तरह की स्क्रीन पर समय बिताना उन्हें कुछ नहीं सिखाता। एक सर्वे में यह भी पाया गया था कि जो बच्चे स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताते हैं, वे देर से बोलना सीखते हैं।

भारत में भी कोई अच्छी स्थिति नहीं है। यहां भी बच्चे समझते हैं कि लोगों से दूरी और फोन से नजदीकी बहुत अच्छी बात है। विशेषज्ञ लगातार कह रहे हैं कि बच्चों को तकनीक से दोस्ती के मुकाबले इंसान से दोस्ती सिखानी चाहिए। पिछले दिनों डेढ़ लाख लोगों पर किए गए एक सर्वे में यह बात सामने आई थी कि भारत में मानसिक स्वास्थ्य कमजोर होता जा रहा है। हमारे बच्चों और युवाओं में मोबाइल की लत बढ़ती जा रही है। इसके अलावा, यह भी देखने में आया है कि बच्चे और किशोर स्क्रीन टाइम के दौरान कुछ न कुछ खाते रहते हैं। अक्सर वे अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड, जिसको जंक फूड कहा जा सकता है, ही खाते है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ स्थापित कर चुके हैं कि इनका अधिक उपयोग सेहत के लिए बहुत हानिकारक है। जाहिर है, इससे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ते हैं, क्योंकि दोनों का आपस में गहरा संबंध है।

स्क्रीन टाइम में बढ़ोतरी के कारण बच्चे अब परिवार वालों से कम बातचीत करते हैं, दोस्तों से मिलते-जुलते नहीं, उनके बीच आपसी संवाद लगातार कम होता जा रहा है। वे बाहर खेलना भी पसंद नहीं करते। इससे सामाजीकरण की प्रक्रिया से वे लगातार बाहर होते जा रहे हैं और अलग-थलग पड़ रहे हैं। यह अकेलापन उनके विकास और भविष्य के लिहाज से बेहद घातक है।

इस स्थिति के लिए सिर्फ तकनीक या बच्चों-किशोरों को दोष देना ठीक नहीं है। सच तो यह है कि बहुत हद तक माता-पिता इसके लिए जिम्मेदार हैं। वे अक्सर बच्चों की जिज्ञासा से बचने के लिए उनके हाथ में बचपन से ही मोबाइल पकड़ा देते हैं। कई बार जब कोई रिश्तेदार घर पर आता है, या माता-पिता कहीं जाते हैं, तो वे बच्चों के हाथों में मोबाइल देकर निश्चिंत हो घंटों गपशप करते हैं। इसके कारण भी बहुत सारे छोटे बच्चे मोबाइल की लत के शिकार हो रहे हैं। बच्चों के लिए काम करने वालों की एक बड़ी चुनौती यह भी है, माता-पिता के लिए भी, पर शायद उनका ध्यान इस ओर है ही नहीं। बहुत से लोग सुझाव देते हैं कि इस बारे में माता-पिता की भी ट्रेनिंग की जानी चाहिए। लेकिन ट्रेनिंग कैसे होगी? अगर शहरों में हो भी जाए, तो गांवों के अभिभावक क्या करें, इसके बारे में उन्हें कौन, कैसे, बताएगा।


संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

शांति और एकता की शुरुआत हम में से प्रत्येक के साथ होती है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# अरविंद केजरीवाल को जमानत

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आखिरकार कथित आबकारी नीति घोटाले में जमानत मिल गई। इसी मामले में प्रवर्तन निदेशालय की गिरफ्तारी पर उन्हें पहले ही जमानत मिल गई थी। अब सीबीआइ की गिरफ्त से भी उन्हें मुक्ति मिल गई है। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें कुछ शर्तों के साथ जमानत दी है, पर इस मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने जो सवाल उठाए, वे जांच एजंसियों के कार्य व्यवहार पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत रेखांकित करते हैं। कथित शराब घोटाले से जुड़े मामले में गिरफ्तार किए गए अब लगभग सभी आरोपियों को जमानत मिल चुकी है। मगर इस पूरे प्रकरण से यही जाहिर हुआ है कि इसमें भ्रष्टाचार निवारण की नीयत कम और राजनीतिक मंशा अधिक काम कर रही थी।



सर्वोच्च न्यायालय बार-बार कह रहा था कि जमानत अधिकार है और जेल विशेष परिस्थितियों में ही भेजा जाना चाहिए। मगर निचली अदालत और उच्च न्यायालय लगातार केजरीवाल और दूसरे आरोपियों की जमानत याचिकाएं रद्द करती रहीं। प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआइ हर बार कुछ नया नुक्ता निकाल कर इस मामले को लटकाए रखने का प्रयास करती रही। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय को यह तक कहना पड़ा कि अगर जांच एजंसियां इस तरह बेवजह जमानत के मामले को लंबा खींचती रहेंगी, तो मामले की सुनवाई शुरू ही नहीं हो सकेगी।

आम आदमी पार्टी शुरू से आरोप लगाती रही है कि शराब घोटाला मनगढ़ंत मामला है, वह केवल केजरीवाल सरकार को अस्थिर करने और उसके कामकाज में बाधा डालने की नीयत से रचा गया है। मगर उपराज्यपाल और भाजपा इसे बड़ा भ्रष्टाचार बताते रहे। इसे लेकर लंबे समय से सियासी रस्साकशी चलती रही है। मगर इसकी असलियत तो तभी पता चल सकेगी, जब अदालत में इस पर सुनवाई पूरी होगी। अभी तक तो केवल जमानत के लिए संघर्ष चल रहा था। मनीष सिसोदिया करीब डेढ़ वर्ष जेल में रहे। अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह और के कविता करीब पांच-पांच महीने सलाखों के पीछे रहे। बार-बार यह सवाल उठता रहा कि उन्हें जमानत क्यों नहीं मिलनी चाहिए। मगर दलील यह दी जाती थी कि धनशोधन मामले में जमानत के खिलाफ कड़े प्रावधान हैं।

हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि धनशोधन कानून का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। किसी को किसी गवाह के कबूलनामे के आधार पर गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। खासकर अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को इसी आधार पर चुनौती दी गई थी कि उन्हें एक ऐसे आरोपी के कबूलनामे के आधार पर गिरफ्तार किया गया, जो सरकारी गवाह बन गया।


हालांकि जमानत मिल जाने से किसी की बेगुनाही साबित नहीं हो जाती, पर कथित दिल्ली शराब घोटाला मामले में जिस ढंग से गिरफ्तारियां हुईं और फिर उन लोगों की जमानत को रोकने का प्रयास होता रहा, उससे धनशोधन निवारण कानून के दुरुपयोग का गंभीर मामला उठा। बार-बार सर्वोच्च न्यायालय ने जांच एजंसियों को फटकार लगाई। इससे यह भी संदेश गया कि धनशोधन निवारण कानून पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है। जांच एजंसियों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। भ्रष्टाचार निवारण के नाम पर जांच एजंसियां लोगों को गिरफ्तार तो कर लेती हैं, पर उनमें दोष सिद्धि न हो पाने के कारण उनका मकसद ही प्रश्नांकित होने लगता है। पहले जांच एजंसियों की निष्पक्षता सुनिश्चित होगी, तभी भ्रष्टाचार पर अंकुश लगने का भरोसा जगेगा।

# हजारों किलोमीटर दूर होने पर भी अपनों को छू सकेंगे लोग

तकनीक हजारों किलोमीटर दूर मौजूद उपकरणों को काबू कर बड़ा ऑपरेशन तो कर सकती है, लेकिन मरीज को अपनों का वह स्पर्श या छुअन नहीं पहुंचा जा सकती है जिसकी उन्हें बहुत जरूरत होती है. लेकिन ऐसा ज्यादा समय तक नहीं रहेगा. अब लोग एक नए उपकरण की मदद से हजारों मील दूर अपने किसी प्रियजन का हाथ थाम सकते हैं. वैज्ञानिकों का कहना है कि उन्होंने मुलायम उंगलियों वाला उपकरण तैयार किया है, जो स्पर्श छुअन का प्रामाणिक अहसास देता है.

### जरा हट के

यह अलग-अलग गति और ताकत पर कंपन का उपयोग करके मानव उंगली में सभी चार स्पर्श रिसेप्टर्स का अनुकरण करके काम करता है. बायो-इंस्पायर्ड हैप्टिक (BAMH) सिस्टम नाम के गैजेट के पीछे की टीम का मानना है कि वे एक ऐसा



दस्ताना बना सकते हैं जो हाथ पकड़ने की अनुभूति को फिर से पैदा कर सकता है.

यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के प्रोफेसर हेल्गे वुर्डेमैन, जिन्होंने इस उपकरण पर काम किया, ने कहा, "हमें विश्वास है कि हमारे पास ऐसी तकनीक है जो हमें दस्ताना डिजाइन करने में सक्षम बनाएगी. हम कई उंगलियों को एक साथ जोड़ने पर विचार कर रहे हैं. हम यह समझना चाहते हैं कि (क्या) हम कुछ समय में (स्पर्श) संवेदनशीलता में गिरावट का पता लगा सकते हैं.

इस तकनीक ने छुअन का अहसास हसिल करने में बेहतरीन नतीजे दिए हैं. इस तकनीक के बहुत सारे उपयोग हो सकते हैं. यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन की डॉ. सारा अबाद ने कहा, "बदकिस्मती से, वीडियो कॉल के साथ एक बाधा है. सामाजिक बंधन के लिए, जो अहम है, आपको स्पर्श की आवश्यकता होती है, लेकिन वीडियो कॉल ऐसा नहीं करते हैं. यह तकनीक हमारे आभासी सामाजिक संपर्कों में स्पर्श को शामिल करने का एक तरीका प्रदान करती है.

यह संवेदनशीलता में कमी का अनुभव करने वाले रोगियों के लिए स्पर्श धारणा के लिए एक नैदानिक उपकरण के रूप में भी काम कर सकती है.

# 15 सितंबर को क्यों मनाया जाता है इंजीनियर्स डे?

किसी भी देश के निर्माण में इंजीनियर्स का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इंजीनियर्स देश की तरक्की में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में इन राष्ट्र निर्माताओं के प्रति सम्मान जताने के उद्देश्य से हर साल हमारे देश में 15 सितंबर के दिन को इंजीनियर्स डे के रूप में सेलिब्रेट किया जाता है। आइए जानते हैं इस खास दिन का इतिहास और इंजीनियर्स डे से जुड़ी कुछ खास बातें-

दरअसल, 15 सितंबर 1861 को मैसूरु के कोलार में मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या का जन्म हुआ था। विश्वेश्वरय्या एक महान इंजीनियर थे। उन्होंने अपने पूरे जीवन को देश के विकास के लिए समर्पित करते हुए अपने जीवनकाल में कई महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग परियोजनाओं को पूरा किया।

इसके लिए विश्वेश्वरय्या को साल 1955 में भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा उन्हें ब्रिटिश नाइटहुड पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। एम विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष में ही 15 सितंबर के दिन को राष्ट्रीय इंजीनियर्स डे के तौर पर मनाया



जाता है।

आज, इंजीनियर्स डे को मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले इंजीनियरों को सम्मानित किया जाता है और उनके योगदान को प्रोत्साहित किया जाता है।

इसके अलावा हर साल इंजीनियर्स डे के लिए एक खास थीम तय की जाती है और इस थीम के आधार पर कई सेमिनार, कार्यशालाएं और पुरस्कार समारोह आयोजित किए जाते हैं।

### क्या है इंजीनियर्स दिवस 2024 की थीम?

जानकारी के अनुसार, इस साल इंजीनियर्स डे की थीम, 'एक सतत दुनिया के लिए इंजीनियरिंग समाधान' तय की गई है।

# वजन घटाने के लिए खाएं कच्चा पपीता

**वजन घटाना कोई आसान काम नहीं है पर उतना भी मुश्किल नहीं जितना आपको लग रहा होगा। दरअसल, अगर आप अपनी डाइट पर थोड़ा कंट्रोल कर लें तो इस काम को आसानी से कर सकते हैं। जैसे कि डाइट में इस सब्जी को शामिल करना। हम बात कच्चे पपीते की कर रहे हैं जो कि वेट लॉस में तेजी से मदद कर सकती है। कच्चा पपीता लो कैलोरी वाला फूड है जिसे खाने से वजन नहीं बढ़ता। दूसरा, इसमें फाइबर की मात्रा इतनी ज्यादा है कि जैसे ही आप इसे खाते हैं ये मेटाबोलिज्म तेज कर देती है जिससे वेट लॉस में तेजी से मदद मिलती है। इसके अलावा भी वेट लॉस में इस सब्जी को खाने के पीछे कई कारण, पर सबसे पहले जानते हैं वजन घटाने के लिए कैसे खाएं कच्चा पपीता।**

### वजन घटाने के लिए कैसे खाएं कच्चा पपीता

### कच्चा पपीते की सब्जी

वेट लॉस के लिए आप कच्चे पपीते की सब्जी बनाकर खा सकते हैं। ये सब्जी वैसी ही बनती है जैसे कोई और सब्जी। आपको करना ये है कि

- कच्चे पपीते को काट लें और फिर इसे धोकर रख लें।
- इसके बाद आपको करना ये है कि प्याज, टमाटर, लहसुन और अदरक को पीसकर इसकी प्यूरी बना लें।
- अब एक पैन में थोड़ा सा तेल डालें और इसमें जीरा, लाल मिर्च और तेज पत्ता डालें।
- ये प्यूरी डालें, मसाले जैसे हल्दी, धनिया, मिर्च पाउडर डालें और फिर



नमक डालकर मसाला 5 मिनट अच्छी तरह से पकाएं।
- इसमें कच्चा पपीता डाल लें और फिर सब्जी को ढककर पकाएं।
- जब ये पूरी तरह से पक जाए तो पपीता को छूकर देखें। ये आसानी से टूटने लगे तो थोड़ा सा पानी मिलाएं।
- 2 मिनट और पकाएं और फिर धनिया पत्ता डालकर सर्व करें।

### कच्चे पपीते का सूप

- वेट लॉस के लिए आप कच्चे पपीते का सूप बनाकर पी सकते हैं। इसके लिए आपको करना ये है कि
- पपीता छील लें और इसे काटकर उबाल लें।
- अब उबले पपीते को मैश करके रख लें।
- इसके बाद आपको करना ये है कि एक पैन में थोड़ा सा प्याज, गाजर, मटर और लहसुन डालें।
- पानी डालें और सबको पका लें।
- अब इसमें मैश किया हुआ कच्चा पपीता डालें और नमक डालें।
- काला नमक, जीरा पाउडर और काली मिर्च पाउडर डालें।
- सबको एक उबाल लेकर गैस ऑफ करें।
- नमक और धनिया पत्ता मिलाकर सर्व करें।

# पनीर पॉपकॉर्न

खाना-खजाना

आज हम जो रेसिपी आपको बताने जा रहे हैं, वह जितनी खाने में लजीज है, बनाने में उतनी ही आसान भी है। मेहमान भी इस खास रेसिपी को खा कर खुश हो जाएंगे। सर्दियों का मौसम आ गया है। इस मौसम में पनीर की रेसिपी ट्राई कर सकते हैं। अगर घर पर पनीर रखा हो तो पनीर पॉपकॉर्न बनाएं। क्रिस्पी पनीर पॉपकॉर्न बच्चों से लेकर बड़ों तक सबको पसंद आएगा। इसे बनाना भी आसान होता है। तो चलिए जानते हैं बाजार जैसा क्रिस्पी पनीर पॉपकार्न बनाने का तरीका।

### सामग्री :

टुकड़ों में कटा पनीर, बेसन, अदरक-लहसुन का पेस्ट, कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर, ड्राई पसार्ले, ओरिगानो, काली मिर्च, स्वादानुसार नमक, हल्दी पाउडर, बेकिंग सोडा, ब्रेडक्रंब।

### बनाने की रेसिपी :

पनीर पॉपकॉर्न बनाने के लिए सबसे पहले एक गहरे बर्तन में पनीर क्यूब्स को निकालें। उसमें कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर, ड्राई पासर्ले,



अजवाइन, काली मिर्च पाउडर और नमक मिला लें।

अब पनीर में इन मसालों को अच्छे से मिला लें ताकि मसाले पनीर में लिपट जाएं। ध्यान रहे कि हल्के हाथों से पनीर को मिलाएं वरना पनीर टूट सकता है।

फिर एक दूसरे कटोरे में बेसन निकालें। इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट, हल्दी पाउडर, कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर और बेकिंग सोडा डालकर मिला लें।

पानी डाल कर बेसन का गाढ़ा घोल तैयार कर लें। अच्छे से बेसन को पानी में चिकना होने तक मिलाएं ताकि उसमें गांठ न रह जाए। अब पनीर के क्यूब को बेसन के बैटर में डूबो दें। पनीर पूरी तरह से बेसन से ढक जाना चाहिए।

फिर कोटेड पनीर को ब्रेडक्रंब में रखें और सुनहरा होने तक तल लें। आप चाहें तो इसे कढ़ाई में तेल गर्म करके भी तल सकते हैं।


आपका लजीज पनीर पॉपकॉर्न तैयार है। सॉस या चटनी के साथ सर्व करें।

# सुबह-सुबह उठकर बना लें मूंग दाल का सूप

### पीकर दिनभर मिलेंगे ये 3 फायदे

सुबह-सुबह हमें अक्सर उन चीजों को सेवन करना चाहिए जो कि हमारे शरीर के लिए फायदेमंद हो। मूंग दाल, डाइजेस्टिव गुणों से भरपूर है और पेट के लिए भी ठंडक प्रदान करने वाला है। मूंग दाल में आपको हमेशा दो चीजें मिल जाएंगी।

पहला इसमें आपको फाइबर मिल जाएगा और दूसरा इसमें आपको प्रोटिन मिल जाएगा। आप इन दोनों के सेवन से अपने शरीर की एनर्जी बढ़ा सकते हैं साथ ही कई अन्य फायदे भी पा सकते हैं। इतना ही नहीं मूंग दाल स्किन के लिए भी बहुत फायदेमंद है। तो इन तमाम फायदे के लिए सुबह खाली पेट मूंग दाल का सूप पिएं। आइए, जानते हैं इसकी रेसिपी और खाली पेट पीने के फायदे।



### मूंग दाल का सूप कैसे बनाएं

- मूंग दाल का सूप बनाने के लिए मूंग को पहले भिगोकर रख लें।
- फिर सुबह-सुबह मूंग को पानी समेत दरदरा करके पीस लें।
- फिर एक पैन में थोड़ा थोड़ा सा तेल डालें और इसमें लहसुन कूटकर डाल लें।
- अब इसमें गाजर, टमाटर, प्याज और बाकी सब्जियां बारीक काटकर रख लें।
- इसमें नमक डालें।
- ढककर अच्छी तरह से पकाएं।
- जब ये पक जाए तो इसमें थोड़ा पानी मिलाएं और एक उबाल ले लें।
- गैस ऑफ करें और इसके बाद इसमें जीरा पाउडर और काली मिर्च पाउडर मिलाएं।
- धनिया पत्ता मिलाएं और सर्व करें।

## खाली पेट पीने के फायदे

### एनर्जी बूस्टर

मूंग दाल प्रोटीन, फाइबर और खनिज जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होती है। खाली पेट इसका सेवन करने से अवशोषण बढ़ता है, जिससे आपके शरीर को आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं। तो जब आप सुबह मूंग दाल का सूप पीते हैं तो शरीर को एनर्जी मिलती है।

### वेट बैलेंस करने में मददगार

मूंग दाल में कैलोरी कम होती है और फाइबर अधिक होता है, जो इसे वजन प्रबंधन के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प बनाता है। खाली पेट इसका सेवन करने से आपका मेटाबोलिज्म तेज हो जाता है। तो सुबह वेट बैलेंस करने के लिए आप इस सूप को पी सकते हैं।

### बॉडी डिटॉक्सीफायर

मूंग दाल अपने डिटॉक्सींग गुणों के लिए जानी जाती है, जो शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने में मदद करती है। इसे खाली पेट खाने से यह प्रक्रिया तेज हो जाती है। मूंग दाल में प्रीबायोटिक फाइबर होता है, जो स्वस्थ आंत बैक्टीरिया का समर्थन करता है। खाली पेट इसका सेवन करने से पेट में संतुलित माइक्रोबायोम को बढ़ावा मिलता है। तो जब आप सुबह खाली पेट इसका सेवन करते हैं तो पेट साफ होता है, शरीर डिटॉक्स होता है और त्वचा की चमक बढ़ती है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष :** आज रोजगार में वृद्धि होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। राजनीतिक व्यक्तियों से लाभकारी योग बनेंगे। मनोबल बढ़ने से तनाव कम होगा। साझेदारी में नवीन प्रस्ताव प्राप्त हो सकेंगे। शत्रु सक्रिय रहेंगे। गर्व-अहंकार को दूर करें।

**वृषभ :** आज व्यावसायिक योजनाओं का क्रियान्वयन ठीक से नहीं हो पाएगा। परिवार की चिंता रहेगी। आय से व्यय अधिक होंगे। अजनबियों पर विश्वास से हानि हो सकती है। फालतू खर्च होगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**मिथुन :** रोजगार में वृद्धि होगी। जोखिम न लें। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखें। पत्नी के बतलाए रास्ते पर चलने से लाभ की संभावना बनती है। यात्रा से लाभ। वाहन-मशीनरी खरीदी के योग हैं। व्यवसाय में अड़चनें आएंगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी।

**कर्क :** अधिकारी वर्ग विशेष सहयोग नहीं करेंगे। ऋण लेना पड़ सकता है। यात्रा आज नहीं करें। परिवार के कार्यों को प्राथमिकता दें। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। नेत्र पीड़ा हो सकती है। आपकी बुद्धिमत्ता सामाजिक सम्मान दिलाएगी।

**सिंह :** आज व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बचें। कार्य-व्यवसाय में लाभ होने की संभावना है। दांपत्य जीवन में अनुकूलता रहेगी। सामाजिक समारोहों में भाग लेंगे। सुकर्मों के लाभकारी परिणाम मिलेंगे। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे।

**कन्या :** कुटुंबियों से बिगड़े संबंध पुनः सुधरेंगे। शत्रुओं से सावधान रहें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। खर्चों में कमी करें। सश्रम किए गए कार्य पूर्ण होंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। मितव्ययिता को ध्यान में रखें।

**तुला :** आज आपको प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता बनी रहेगी। प्रॉपटी से संबंधित कार्य में कानूनी अड़चन दूर होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्या हल हो सकेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। रुका धन मिलेगा।

**वृश्चिक :** नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। अर्थ संबंधी कार्यों में सफलता से हर्ष होगा। सुखद भविष्य का स्वप्न साकार होगा। विचारों से सकारात्मकता बढ़ेगी। दुस्साहस न करें। व्यापार में इच्छित लाभ होगा। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी।

**धनु :** व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। अच्छे लोगों से भेंट होगी जो आपके हितचिंतक रहेंगे। योजनाएं फलीभूत होंगी। नौकरी में पदोन्नाति के योग हैं। आलस्य से बचकर रहें। परिवार की मदद मिलेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**मकर :** व्यापार-व्यवसाय मध्यम रहेगा। किसी के भरोसे न रहकर अपना कार्य स्वयं करें। महत्वपूर्ण कार्यों में हस्तक्षेप से नुकसान की आशंका है। परिवार में तनाव रहेगा। कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का माहौल बन सकता है। आपसी रिश्तेदारी में दुःखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ :** समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। यात्रा का शुभ योग होने के साथ ही कठिन कार्य में भी सफलता मिल सकेगी। रिश्तेदारों से संपत्ति संबंधी विवाद हो सकता है। व्यापार-नौकरी में लाभ होगा। पुराना रोग उभर सकता है। प्रयास सफल रहेंगे।

**मीन :** आज आपको शुभ समाचार मिलेंगे। परिवार में मान बढ़ेगा। प्रसन्नता रहेगी। मन में उत्साह रहेगा, जिससे कार्य की गति बढ़ेगी। आपके कार्यों को समाज में प्रशंसा मिलेगी। भागीदारी में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ होगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### यूपी में तांत्रिक ने 10 साल की बच्ची को हवस का शिकार, झाड़फूंक के बहाने किया रेप

**प्रयागराज.** प्रयागराज से मानवता को शर्मासार कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां कई महीनों से बीमार चल रही बच्ची को ठीक करने के बहाने तांत्रिक ने बालिका के साथ अश्लीलता करते हुए दुराचार किया। जब डरी सहमी बच्ची ने आपबीती बताई तो परिजनों तांत्रिक की पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। ये घटनी मऊआइमा के एक गांव अधेड़ की है। जहां एक 10 साल की बेटी काफी दिनों से बीमार चल रही थी। बीमारी से ठीक न होने पर किसी ने तांत्रिक को बुलाकर झाड़ फूंक कराने की सलाह दी। परिजनों ने शुक्रवार को एक बुजुर्ग तांत्रिक को बुलाया। उसने कहा कि वह एकांत में झाड़ फूंक करके ठीक करेगा तथा बालिका के परिजनों को कहीं सामान लेने भेज दिया। आरोप है कि तांत्रिक ने बालिका से दुराचार किया। बालिका के शोर मचाने पर तांत्रिक चुप रहने को धमकी दी। जब परिजन आए तो बालिका ने रो-रोकर कथित तांत्रिक की करतूत बताई। परिजनों ने कथित तांत्रिक को धुन कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी मोईनुद्दीन पुत्र मोहम्मद शाबान उर्फ कल्लू ग्राम छतरगढ़ थाना मान्धाता प्रतापगढ़ के खिलाफ दुराचार और पास्को एक्ट में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

### पूर्वांचल में नया जिला बनाने को लेकर कवायद तेज, सरकार ने राजस्व परिषद से मांगी आख्या

**गोरखपुर.** यूपी के पूर्वांचल में एक नया जिला बनाने को लेकर योगी सरकार ने कवायद तेज कर दी है। फरेंदा, नौतनवा और गोरखपुर के कैम्पियरगंज तहसील को मिलाकर नया जिला बनाने के एक प्रस्ताव ने महाराजगंज में हलचल बढ़ा दी है। हालांकि राजस्व परिषद की ओर से जारी यह पत्र जुलाई महीने का ही है, लेकिन शनिवार को यह तेजी से वायरल हुआ। इस प्रस्ताव पर महराजगंज और गोरखपुर जिलों से आख्या मांगी गई थी। हालांकि महराजगंज जिले से पहले ही आख्या जा चुकी है कि चार तहसीलों वाले जिले से दो तहसील कट जाने से जिले का मानक पूरा नहीं हो पाएगा। आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद की ओर से इस संबंध में बीते 31 जुलाई को पत्र जारी हुआ था। इसमें महराजगंज के दो तहसील फरेंदा व नौतनवा और गोरखपुर के एक कैम्पियरगंज तहसील को मिलाकर फरेंदा जिला बनाए जाने के प्रस्ताव का उल्लेख है। इसमें डीएम गोरखपुर से इस संबंध में आख्या कमिश्नर के माध्यम से भेजने की अपेक्षा की गई है। इसकी प्रतिलिपि डीएम महराजगंज को भी हुई है।

### ताजमहल के गार्डन में 2 पर्यटकों ने किया पेशाब

**आगरा.** आगरा के ताजमहल में तमाम सुरक्षा के बावजूद आपत्तिजनक गतिविधियां रुक नहीं पा रही हैं। अब पर्यटकों द्वारा एक नई शर्मनाक हरकत की गई है। दरअसल 2 टूरिस्ट वॉशरूम होने के बावजूद ताजमहल के गार्डन में में खुलेआम पेशाब किया। किसी ने उनकी इस हरकत को कैमरे में कैद कर सोशल मीडिया पर डाल दिया। वीडियो वायरल होने के बाद ताज प्रशासन में हड़कंप मच गया। शनिवार को सोशल मीडिया पर ताजमहल का एक वीडियो वायरल हो गया। इस वीडियो में दो व्यक्ति ताजमहल के गार्डन में पेशाब करते हुए दिख रहे हैं। जबकी उनके पास से दूसरे पर्यटक भी गुजरते दिख रहे हैं। चौकाने वाली बात यह है कि सीसीटीवी की निगरानी और चप्पे-चप्पे पर तैनात सुरक्षाकर्मी भी इससे अंजान रहे और इस गतिविधियों को नहीं रोक पाए।

# 'ज्ञानवापी ही विश्वनाथ धाम है इसे मस्जिद कहना दुर्भाग्य'

- नाथ संप्रदाय के कार्यक्रम में बोले योगी आदित्यनाथ



**गोरखपुर.** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ज्ञानवापी विवाद को लेकर शनिवार को एक बार फिर अपनी बात रखी। गोरखपुर विश्वविद्यालय में नाथ पंथ पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से उस ज्ञानवापी को आज लोग दूसरे शब्दों में मस्जिद कहते हैं लेकिन वास्तव में ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ जी हैं। यही विश्वनाथ धाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के लिए अस्पृश्यता एक अभिशाप है। यह न केवल साधना के मार्ग की सबसे बड़ी बाधा है बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए भी सबसे बड़ी बाधा है। इस बात को यदि देश के लोगों ने समझा होता तो देश गुलाम नहीं होता।

मुख्यमंत्री, शनिवार को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और हिन्दुस्तानी एकेडमी उत्तर प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'समरस समाज के निर्माण में नाथपंथ का अवदान' विषयक दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे। इस मौके पर सीएम ने तीन पुस्तकों और पत्रिकाओं का विमोचन भी किया। इनमें डॉ. पद्मजा सिंह की नाथपंथ पर लिखित पुस्तक और महायोगी गुरु श्री गोरखनाथ शोध पीठ की पत्रिका 'कुंडलिनी' शामिल हैं। इसके अलावा एक दिव्यांगजन कैंटीन का उद्घाटन भी हुआ। इस कैंटीन का संचालन दिव्यांगजन ही करेंगे।

उन्होंने कहा कि आचार्य शंकर जब अपने अद्वैत ज्ञान से परिपूर्ण होकर आगे की साधना के लिए काशी में आए तो साक्षात भगवान विश्वनाथ ने उनकी परीक्षा लेनी चाहिए। आदिशंकर, जब ब्रह्ममुहूर्त में गंगा स्नान के लिए जा रहे होते हैं तो वह सबसे अछूत कहे जाने वाले एक सामान्य व्यक्ति के रूप में उनके मार्ग में खड़े हो जाते हैं। स्वाभाविक रूप से आदि शंकर के मुंह निकलता है, 'हटो, मेरे मार्ग से हटो।' इस पर सामने से उस सामान्य व्यक्ति के रूप में वह (भगवान विश्वनाथ) एक प्रश्न पूछते हैं कि आप तो अपने आप को अद्वैत ज्ञान के मर्मज्ञ मानते हैं। आप किसको हटाना चाहते हैं। आपका ज्ञान क्या इस भौतिक काया को देख रहा है या इस भौतिक काया के अंदर छिपे हुए ब्रह्म को देख रहा है?

# 'जिंदगी खटाखट नहीं है'

## एस. जयशंकर ने राहुल गांधी पर कसा तंज

**नई दिल्ली.** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अनोखे अंदाज में तंज कसा है। उन्होंने कहा कि जिंदगी खटाखट नहीं है, बल्कि मेहनत करनी पड़ती है। शुक्रवार को जिनेवा में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। दरअसल, राहुल ने लोकसभा चुनाव के दौरान दावा किया था कि सत्ता में आने पर कांग्रेस मुद्दों का खटाखट समाधान निकालेगी। इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण के लिए जरूरी मानव संसाधनों के बारे में बात करते हुए जयशंकर ने कहा कि जिन लोगों ने काम किया है, वे परिश्रम का महत्व समझते हैं।

जयशंकर ने कहा, ' जब तक हम ह्यूमन रिसोर्स डेवलप नहीं करते हैं, तब तक कड़ी मेहनत करनी होती है। इसलिए जीवन खटाखट नहीं है। जिंदगी कड़ी मेहनत है। जीवन परिश्रम है। कोई भी व्यक्ति जिसने नौकरी की है और मेहनत की है, वो इसे जानता है। इसलिए आपके लिए मेरा यह संदेश है कि कड़ी मेहनत की जाए।'

### 'बड़ी पावर के लिए टेक्नोलॉजी की जरूरत'

केंद्रीय मंत्री जयशंकर ने कहा, 'ऐसे लोग भी हैं जो यह कहते हैं कि हम इसमें असमर्थ हैं, इसलिए हमें प्रयास भी नहीं करना चाहिए। अब आप खुद से पूछें कि क्या मैन्युफैक्चरिंग के बिना दुनिया की प्रमुख शक्ति बना जा सकता है? बड़ी पावर को टेक्नोलॉजी की जरूरत पड़ती है और मैन्युफैक्चरिंग के बिना तकनीक विकसीत नहीं की जा सकती।' उन्होंने कहा कि मानव संसाधन के मामले में भारत बहुत कुछ हासिल कर चुका है। हमारा इरादा इसे और भी आगे बढ़ाने का है।

# पीएम मोदी के आवास में आया नन्हा मेहमान

- गाय के बच्चे का नाम रखा 'दीपज्योति'

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास में नन्हा मेहमान आया है। उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करते हुए बताया कि गौ माता ने बच्चे को जन्म दिया है। पीएम मोदी को उसका नामकरण 'दीपज्योति' किया है। पीएम मोदी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री आवास परिसर में नए सदस्या का शुभ आगमन हुआ है। प्रिय गौ माता ने एक नव वत्सा को जन्म दिया है जिसके मस्तक पर ज्योति का चिह्न है। वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी गाय के बच्चे को दुलराते हुए दिखाई दे रहे हैं। वह उसका तिलक करते हैं और फूलों का हार पहनाते हैं। इसके बाद अपनी गोद में उठाकर बगीचे में टहलाते हुए नजर आते हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा, 'हमारे शास्त्रों में कहा गया है - गावः सर्वसुख प्रदाः'। लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री आवास परिवार में एक नए सदस्य का शुभ आगमन हुआ है। प्रधानमंत्री आवास में प्रिय गौ माता ने एक नव वत्सा को जन्म दिया है, जिसके मस्तक पर ज्योति का चिह्न है। इसलिए, मैंने इसका नाम 'दीपज्योति' रखा है।'

# ममता जूनियर डॉक्टरों से मिलने पहुंचीं

## बोलीं- मुख्यमंत्री नहीं, दीदी आई है; सरकार ने 3 बार बुलाया था, प्रदर्शनकारी नहीं गए





**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को कोलकाता में स्वास्थ्य भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों से खुद मिलने पहुंचीं। डॉक्टर्स 10 सितंबर से यहां प्रदर्शन पर बैठे हैं। ममता ने डॉक्टरों से कहा, 'मेरा पद नहीं, लोगों का पद बड़ा है। मैं मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि आपकी दीदी बनकर आपसे मिलने आई हूं।' ममता अब तक तीन बार डॉक्टरों से बैठकर बातचीत की पहल कर चुकी हैं। हालांकि, डॉक्टरों ने उनके तीनों प्रस्तावों को खारिज कर दिया। उनकी 5 मांगें हैं। उन्होंने सरकार से बातचीत के लिए 4 शर्तें भी रखी हैं। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में रेप-मर्डर केस को लेकर जूनियर डॉक्टर्स 36 दिनों से हड़ताल पर हैं।

> ममता ने कहा- आप काम पर लौटिए, मैं मांगों पर विचार करूंगी। CBI से कहूंगी कि दोषियों को फांसी दी जाए। मैं आपके प्रदर्शन को सलाम करती हूं। आपके साथ अन्याय नहीं होने दूंगी। ममता ने आगे कहा कि यह मेरी तरफ से बातचीत की आखिरी कोशिश है। आपके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी, क्योंकि मैं लोकतांत्रिक आंदोलन को दबाने में विश्वास नहीं करती। ममता ने राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों की रोगी कल्याण समितियों को भंग करने की भी घोषणा की।

### सुप्रीम कोर्ट ने 10 सितंबर तक हड़ताल खत्म करने को कहा था

सुप्रीम कोर्ट ने 9 सितंबर को कोलकाता रेप-मर्डर केस की सुनवाई के दौरान जूनियर डॉक्टरों को 10 सितंबर की शाम 5 बजे तक काम पर लौटने का आदेश दिया था। कोर्ट ने आदेश न मानने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी थी। हालांकि, डॉक्टरों ने कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती, वे ड्यूटी पर नहीं लौटेंगे।

# पूर्वी लद्दाख में 4 जगहों से पीछे हटी चीनी सेना

- गलवान घाटी भी है शामिल
- ड्रैगन का कबूलनामा

**नई दिल्ली.** पूर्वी लद्दाख में चल रहा भारत-चीन सीमा विवाद सुलझता हुआ नजर आ रहा है। चीन की तरफ से कहा गया है कि उसने अपनी सेना को पूर्वी लद्दाख की चार जगहों से पीछे हटा लिया है। चीन के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने गुरुवार को रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में ब्रिक्स सदस्य देशों में सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्च-स्तरीय अधिकारियों की बैठक से अलग बातचीत की। इस दौरान दोनों पक्षों ने सीमा मुद्दों पर हाल के विचार-विमर्श में हुई प्रगति पर चर्चा की।

चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग से शुक्रवार को प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि दोनों सेनाओं ने चार क्षेत्रों से वापसी की है और सीमा पर स्थिति स्थिर है। हाल के वर्षों में, दोनों देशों की अग्रिम मोर्चे पर तैनात सेनाओं ने चीन-भारत सीमा के पश्चिमी क्षेत्र में चार बिंदुओ से पीछे हटने का काम पूरा कर लिया है, जिसमें गलवान घाटी भी शामिल है। चीन-भारत सीमा पर स्थिति आम तौर पर स्थिर और नियंत्रण में है।

# तीन खानदानों के चक्कर में पिसता रहा जम्मू-कश्मीर

- पीएम नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर साधा निशाना



### कांग्रेस के मंत्री तक लाल चौक तक जाने से डरते थे

पीएम मोदी ने परिवारवाद पर निशाना साधते हुए कहा कि इन लोगों नए नेतृत्व को उभरने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि यहां पंचायत के चुनाव 2005 तक नहीं हुए थे। बीडीसी के चुनाव नहीं हुए थे। दशकों तक परिवारवाद ने यहां के लोगों को आगे नहीं आने दिया। पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज जम्मू कश्मीर में तमाम विकास योजनाएं चल रही हैं। लोगों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ रही है। पीएम ने कहा कि आपको वह समय भी याद होगा जब यहां दिन खत्म होते ही अघोषित कर्फ्यू लग जाता था। हालात ऐसे थे कि केंद्र में कांग्रेस सरकार के मंत्री तक लाल चौक तक जाने से डरते थे।

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जम्मू-कश्मीर में चुनावी अभियान का आगाज किया। पीएम मोदी ने डोडा में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से ही यह प्रदेश विदेशी ताकतों के निशाने पर आ गया। इसके बाद परिवारवाद ने इसे खोखला करना शुरू कर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि जिन राजनीतिक दलों को आपने चुना, उन्होंने आपको नहीं, अपने परिवार को आगे बढ़ाया। जबकि यहां के लोग आतंकवाद की चक्की में पिसते रहे। इससे पहले पीएम मोदी ने स्थानीय भाषा में सभी लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने मोदी-मोदी का नारा लगाया। पीएम मोदी ने कहा कि हम और आप मिलकर एक सुरक्षित जम्मू-कश्मीर का निर्माण करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि यह विधानसभा चुनाव जम्मू-कश्मीर का भाग्य तय करने वाला होगा।

पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर तीनों खानदानों के चक्कर में पिसता रहा। उन्होंने कहा कि इस बार का विधानसभा चुनाव तीन खानदानों और जम्मू के नौजवानों के बीच है। पीएम मोदी ने कहा कि एक खानदान कांग्रेस, दूसरा खानदान नेशनल कांफ्रेंस और तीसरा पीडीपी का है। यह तीनों खानदान दशकों तक जम्मू-कश्मीर की बर्बादी के जिम्मेदार हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इन तीनों खानदानों ने यहां पर करप्शन को बढ़ावा दिया। जमीनों के माफिया को बढ़ावा दिया। उन्होंने तीनों दलों पर जम्मू कश्मीर में आतंकवाद को भी बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। पिछले 10 साल में जम्मू-कश्मीर में जो बदलाव आया है वो किसी सपने से कम नहीं है।

# केजरीवाल पत्नी के साथ हनुमान मंदिर पहुंचे

- 177 दिन के बाद रिहा हुए थे
- स्वागत में पटाखे जलाने वालों पर FIR



**नई दिल्ली.** तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार सुबह क्नॉट प्लेस के हनुमान मंदिर पहुंचे। दिल्ली CM के साथ उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, AAP नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह भी पहुंचे। मंदिर पहुंचकर केजरीवाल ने पत्नी के साथ भगवान हनुमान को जल चढ़ाया। पुजारी ने उन्हें एक गदा देकर चुन्नी उढ़ाई। पूजा के बाद अरविंद केजरीवाल राजघाट जाएंगे। वे महात्मा गांधी के समाधि स्थल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

शराब नीति केस में जमानत मिलने के बाद मनीष सिसोदिया और संजय सिंह ने भी इसी हनुमान मंदिर में बजरंग बली की पूजा की थी। अंतरिम जमानत के बाद 2 जून को सरेंडर करने से पहले भी केजरीवाल ने इसी मंदिर में बजरंग बली के दर्शन किए थे।

उधर, बुधवार को 177 दिन बाद जेल से बाहर आने पर तिहाड़ के बाहर आतिशबाजी हुई थी। इसे लेकर दिल्ली के सिविल लाइंस थाने में अज्ञात के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। दरअसल, दिल्ली में प्रदूषण के चलते 1 जनवरी 2025 तक पटाखे जलाने पर बैन है।

## हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी

# भारत की आंधी में उड़ा पाकिस्तान



भारतीय हॉकी टीम ने शनिवार को एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के आखिरी राउंड रॉबिन मैच में 2-1 से हरा दिया है। भारत की ओर से हरमनप्रीत ने दो गोल, जबकि पाकिस्तान की ओर से नदीम अहमद ने मैच में पहला गोल दागा। भारत ने टूर्नामेंट में लगातार पांचवां मैच जीता है। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत ने चीन को 3-0 से, जापान को 5-1, मलेशिया को 8-1 और कोरिया को 3-1 से हराया।

पाकिस्तान की टीम मैच के आखिरी 10 मिनट में सिर्फ 10 खिलाड़ियों के साथ खेली। क्योंकि वहीद अशरफ राणा को गलत तरीके से भारतीय खिलाड़ी को टक्कर मारने के लिए यलो कार्ड मिला था और वह 10 मिनट के लिए बाहर रहे। भारत को इस मुकाबले में 5 और पाकिस्तान को सात पेनेल्टी कॉर्नर मिले।

इंडिया वर्सेस पाकिस्तान एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का पहला गोल पाकिस्तान के नदीम अहमद ने 8वें मिनट में दागा है। इस टूर्नामेंट में ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत ने मैच की शुरुआत गोल खाकर की है। इससे पहले टीम इंडिया ने ही पिछले चार मैचों में पहला गोल दागा था। हालांकि पहला क्वार्टर खत्म होते-होते भारत ने पेनेल्टी कॉर्नर की मदद से बराबरी की, हरमनप्रीत सिंह ने भारत का खाता खोला। दूसरे क्वार्टर के चौथे मिनट में भारत ने एक और पेनेल्टी कॉर्नर बनाया और हरमनप्रीत सिंह ने एक और गोल दागकर भारत को 2-1 की बढ़त दिलाई। इसके बाद तीसरे और चौथे क्वार्टर में दोनों ही टीमों ने काफी अटैकिंग गेम खेला लेकिन गोल नहीं दाग सकी। भारत और पाकिस्तान की टीमें अभी तक इस टूर्नामेंट में अपराजित रही थी। लेकिन भारत के खिलाफ 1-2 से मुकाबला गंवाने के बाद अब टूर्नामेंट में सिर्फ भारत की टीम ही अपराजित रही है।

# 2 जवानों की शहादत के बदले 5 आतंकी मार गिराए

- कश्मीर में सेना का जबरदस्त ऐक्शन

**नई दिल्ली.** जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। बारामूला जिले में आज सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों के मारे जानें की खबर है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। आपको बता दें कि आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया इनपुट के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा ऑपरेशन शुरू किया गया। शुक्रवार देर रात उत्तरी कश्मीर जिले के पट्टन इलाके के चक टापर क्रीरी में गोलीबारी शुरू हुई। वहीं, एक अलग मुठभेड़ में सेना की राइजिंग स्टार कोर इकाई के जवानों ने शुक्रवार को कठुआ में दो आतंकवादियों को मार गिराया था।

पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार इलाके में तलाश अभियान के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की, जिसके बाद उनके बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने इलाके को चारों तरफ से घेर लिया था और सुबह हुई मुठभेड़ में उन्होंने तीन आतंकवादियों को मारा गिराया। आतंकवादियों की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है साथ ही इस बात का भी पता लगाया जा रहा है कि वे किस संगठन से जुड़े थे।

इससे पहले जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छतरू इलाके में शुक्रवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए और दो अन्य घायल हो गए। सेना ने कहा कि विशेष सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने छतरू क्षेत्र के नैदघाम इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान सुरक्षा बलों के जवान जब एक निश्चित इलाके की ओर बढ़ रहे थे, तो वहां छूपे हुए आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चलायी। इसके बाद सुरक्षा बलों के जवानों ने जवाबी कार्रवाई में गोलियां चलायीं।

सेना ने कहा, ₹चटरू इलाके के नैदघाम गांव के ऊपरी इलाकों में पिंगनल दुगड्डा वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों की तलाशी टीमों और छिपे हुए आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई।₹ उन्होंने कहा कि गोलीबारी के दौरान दो जवान शहीद हो गए और दो घायल हो गए।

### मेरठ में तीन मंजिला मकान ढहा, एक की मौत

**मेरठ.** मेरठ में शनिवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। जहां लोहिया नगर थाना क्षेत्र के जाकिर कॉलोनी में एक तीन मंजिला मकान अचानक भरभरा कर गिर गया। इससे एक ही परिवार के 10 से ज्यादा लोग मलबे में दब गए। कुछ मवेशी भी अंदर दब गए। दो लोगों ने दौड़कर जान बचाई। सूचना पर हड़कंप मच गया और फोर्स मौके पर दौड़ी। एडीजी, आईजी और कमिश्नर ने मौके पर डेरा डाल दिया।

# 'बंगाल को मोदी से आजाद करवाइए'

## ममता बनर्जी से अपील करने लगा बांग्लादेशी आतंकी



**कोलकाता.** बांग्लादेश में शेख हसीना के हटने और अंतरिम सरकार बनने के बाद कट्टरपंथियों को छूट मिल गई है। ऐसे में आतंकी भारत के खिलाफ जहर उगलने लगे हैं। अल कायदा से जुड़े अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (ABT) चीफ ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें वह भारत को धमकी देते हुआ नजर आता है। आतंकी जशीमुद्दीन रहमानी को अंतरिम सरकार बनने के बाद जेल से रिहा किया गया है। अबद वह कश्मीर को 'आजाद' करवाने के लिए पाकिस्तान और अफगानिस्तान से मदद मांगता नजर आ रहा है। यहां तक कि उसने ममता बनर्जी का नाम लेकर बंगाल को भी आजाद करवाने का शिगूफा छोड़ा है।

रहमानी का यह वीडियो अस्पताल के किसी वॉर्ड में शूट किया गया है। न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक उसने शेख हसीना की मदद करने के लिए भारत को धमकी दी है। वहीं रहमानी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कहा है, 'मोदी के शासन से बंगाल को मुक्त करवाइए और आजाद घोषित कर दीजिए।'

एक ब्लॉगर की हत्या के मामले में रहमानी पांच साल से जेल में था। सेना के सहयोग से अंतरिम सरकार बनने के बाद उसे परोल पर रिहा किया गया है। उसके संगठन को भारत में बैन किया गया है। बांग्लादेशी आतंकवादी अकसर भारत को धमकी देते रहते हैं और कहते हैं कि चीन के साथ मिलकर वे सिलिगुड़ी कॉरिडोर को बंद करवा देंगे। ऐसे में पूर्वोत्तर के राज्य कट जाएंगे। वहीं अब आतंकी रहमानी ने ममता बनर्जी का नाम लेकर एक नया विवाद खड़ा करने की कोशिश की है। कोलकाता में महिला डॉक्टर की हत्या के बाद ममता बनर्जी की सरकार सवालों के घेरे में है। वहीं बीजेपी भी इस मामले को लेकर हमलावर है। एबीटी चीफ अलकायदा का खुलकर समर्थन करता रहा है। उसने खालिस्तान का भी समर्थन किया था। इसके अलावा पाकिस्तान और अफगानिस्तान को मिलकर कश्मीर को आजाद करवाने की बात कई बार कह चुका है। रहमानी भारत के लिए चुनौती माना जाता है क्योंकि वह भारत में स्लीपर सेल के जरिए अपने जिहादी अजेंडे को कामयाब करने के फिराक में रहता है।

### किसानों के लिए मोदी सरकार की सौगात

**नई दिल्ली.** किसानों की आमदनी बढ़ाने और देश के कृषि उत्पादों को वैश्विक बाजार में और मजबूती दिलाने के लिए मोदी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। बासमती चावल के निर्यात पर लगी न्यूनतम मूल्य सीमा को हटाकर सरकार ने किसानों और निर्यातकों को राहत दी है। साथ ही रिफाइंड तेल पर ड्यूटी बढ़ाने और प्याज के निर्यात पर से रोक हटाने जैसे फैसलों से कृषि क्षेत्र में एक नई दिशा देने की कोशिश की गई है। उल्लेखनीय है कि आने वाले महीनों में हरियाणा के साथ-साथ महाराष्ट्र में भी चुनाव होने हैं, ऐसे में सरकार के इस फैसले से इन राज्यों के स्थानीय किसानों को बड़ा फायदा मिलने वाला है। मोदी सरकार ने बासमती चावल के निर्यात पर लगी न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) की सीमा को हटाने का बड़ा फैसला किया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी करते हुए इस फैसले की जानकारी दी।

### आम सूचना

मैं श्रीमती मंगल अशोक अहिरे सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, कमला नेहरू नगर, धोबीघाट, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 03एओ014019700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती अलका सुरेश सोष्टे के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 12.9.2024 सी.नं. 4263/2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती मंगल अशोक अहिरे**

### आम सूचना

मैं श्री अनवर अब्दुल रहीम कुरेशी सभी को सूचित कर रहा हूं कि अंबिका अपार्टमेंट, बिर्ला गेट, फ्लैट नं. 408, 4था माला, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 04एओ014273100) उक्त प्रॉपर्टी श्री पुरामुम्बेकड गोपालकृशना नारायनन (पी.जी. नारायण) के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 3.5.1994 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अनवर अब्दुल रहीम कुरेशी**

## संक्षेप...

### मुलुंड में बुजुर्ग महिला ने की आत्महत्या !

**मुंबई.** पिछले कई दिनों से बीमार चल रही एक 68 वर्षीय महिला ने मुलुंड इलाके में घर में आग लगाकर आत्महत्या कर ली. इस संबंध में मुलुंड पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मृतक महिला का नाम आनंदी मुग्दल है और वह अपने पति के साथ मुलुंड के एलबीएस मार्ग इलाके में रहती थी. शुक्रवार दोपहर उसका पति किसी काम से बाहर गया था। दोपहर करीब 12 बजे अचानक उनके घर से धुआं निकलने लगा। जैसे ही बिल्डिंग में रहने वालों की नजर इस मामले पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड और मुलुंड पुलिस को इसकी जानकारी दी. दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और तुरंत आग पर काबू पा लिया।इस हादसे में आनंदी गंभीर रूप से झुलस गईं। उन्हें तुरंत मुलुंड के अग्रवाल अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टर ने बताया कि इलाज से पहले ही उसकी मौत हो गयी.

# ‘हम जो कमिटमेंट करते हैं फिर खुद की भी नहीं सुनते’

- **'लाडकी बहिन योजना' को लेकर एकनाथ शिंदे का बड़ा ऐलान**



**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को 'लाडकी बहिन योजना' को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अगर महाराष्ट्र के लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति को बड़ा जनादेश दिया, तो राज्य सरकार इस स्कीम के तहत प्रति माह दी जाने वाली वित्तीय सहायता राशि को बढ़ाकर 3,000 रुपये कर देगी। महाराष्ट्र में महिलाओं के लिए महायुति सरकार की प्रमुख योजना मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना के तहत फिलहाल प्रति माह 1,500 रुपये दिए जाते हैं। शिंदे ने कहा, ‘हमने लाडकी बहिन योजना शुरू की, जिसके तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये दिए जा रहे हैं। अगर आप हमारी ताकत बढ़ाते हैं, तो हम मासिक राशि 2,000 रुपये तक बढ़ा देंगे। यदि आप बड़ा जनादेश देते हैं, तो हम इसे बढ़ाकर 3,000 रुपये कर देंगे। हम इस राशि को बढ़ाने में संकोच नहीं करेंगे।’

सीएम शिंदे ने फिल्मी अंदाज में कहा कि हम जो कमिटमेंट करते हैं फिर खुद की भी नहीं सुनते। उन्होंने कहा, ‘विपक्ष यह कहकर हमारी आलोचना करता है कि राज्य सरकार बाद में खाली खजाना बताकर इस योजना को बंद कर देगी। लेकिन उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि राज्य का खजाना लोगों के लिए है।’ शिंदे ने कहा कि जब उनकी सरकार ने महिला यात्रियों के लिए सरकारी बसों का किराया 50 प्रतिशत कम कर दिया था, तब भी चिंताएं जताई गई थीं। यह कहा गया था कि इस कदम से राज्य परिवहन निगम को और अधिक घाटा होगा। उन्होंने कहा, ‘इसके विपरीत इस पहल की शुरुआत के बाद बस सेवा का इस्तेमाल करने वाली महिलाओं की संख्या में वृद्धि हुई, जो आखिरकार महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के लिए लाभकारी साबित हुआ।’

### भाजपा नेताओं से मिले जेपी नड्डा



वहीं, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को गणपति उत्सव के तहत सीएम शिंदे के दक्षिण मुंबई स्थित आधिकारिक आवास पर गणेश पूजा की। इसके बाद, उन्होंने उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस के सरकारी आवास पर जाकर पूजा-अर्चना की। नड्डा ने वहां पार्टी नेताओं के साथ बैठक भी की। जेपी नड्डा के साथ केंद्रीय मंत्री और भाजपा के महाराष्ट्र प्रभारी भूपेंद्र यादव, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले, मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार, पूर्व केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे और विधान पार्षद प्रवीण दरेकर फडणवीस के आवास पर मौजूद थे। मालूम हो कि राज्य में विधानसभा चुनाव नवंबर में होने की संभावना है। भाजपा, शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति का हिस्सा हैं।

## गणेश मूर्ति खंडित होने पर भक्तों में आक्रोश

- **डीसीपी ने अज्ञात पर मामला दर्ज करने का दिया आदेश**



**भिवंडी.** पद्मा नगर में विक्री के लिए रखी गई गणेश मूर्तियों को तोड़े जाने की खबर पर क्षेत्रवासी आक्रोशित होकर एकत्रित हो गए.घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा विधायक महेश चौगुले, पुलिस उपायुक्त डा.श्रीकांत परोपकारी,पूर्व नगरसेवक संतोष शेट्टी, समाजसेवक साईंनाथ पवार मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया. शहर पुलिस ने घटना में लिप्त अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

मिली जानकारी के अनुसार, पद्मा नगर निवासी मूर्तिकार राजेंद्र श्रीगादी ने गोदाम में बनाकर करीब 50 से अधिक गणेश मूर्तियों को विक्री के लिए रखा हुआ था.शुक्रवार शाम को अज्ञात व्यक्ति ने घुसकर मूर्तियों को तोड़ कर फरार हो गया.गणेश मूर्ति तोड़े जाने की जानकारी मूर्तिकार राजेंद्र ने क्षेत्रीय लोगों को दी.मूर्ति खंडित होने की जानकारी मिलते ही सैकड़ों लोग जमा होकर नारेबाजी करने लगे।भाजपा विधायक महेश चौगुले, पुलिस उपायुक्त परोपकारी, संतोष शेट्टी आदि ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया.पुलिस उपायुक्त परोपकारी के आदेश पर शहर पुलिस में अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.श्री गणेश की खंडित मूर्तियों को मूर्तिकार द्वारा भक्तों के सहयोग से वराला देवी तालाब में विसर्जित कर दिया गया है.

## मुंबई में CBI-FBI की कार्रवाई में साइबर अपराध का भंडाफोड़ !

**मुंबई.** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने ऑपरेशन चक्र-III के तहत एक सोफिस्टिकेटेड साइबर क्राइम नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। जो साल 2022 से विदेशी देशों में पीड़ितों को निशाना बना रहा था। इस ऑपरेशन में एफबीआई (यूएसए) के साथ मिलकर कार्रवाई की गई है।

सीबीआई के मुताबिक आरोपियों ने जून से अगस्त 2022 के बीच एक अमेरिकी नागरिक को उसके कंप्यूटर और बैंक खाते में गलत तरीके से निशाना बनाया था। बता दें कि आरोपियों ने पीड़ित को झूठी जानकारी देकर 453,953 डॉलर की राशि को अपने क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया।

सीबीआई ने कहा हम आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए काम करेंगे। इस मामले में आगे की जांच जारी है। सीबीआई ने मुंबई और कोलकाता में 7 जगहों पर तलाशी ली, जिसमें आरोपी विश्नु राठी के आवास से 57 सोने की बार, 16 लाख रुपये की नकदी, मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए।

## नेत्र चिकित्सा एवं महिलाओं में सिलाई मशीन का वितरण

- **धामणकर नाका मित्र मंडल द्वारा किया जा रहा जनहित कार्य**



**भिवंडी.** धामणकर नाका मित्र मंडल व स्वाभिमान सेवा संस्था द्वारा धामणकर नाका द्वारा धूमधाम से गणेशात्सव मनाया जा रहा है. गणेशात्सव के दौरान विभिन्न सामाजिक उपक्रम भी चलाऐ जाते हैं. संस्था अध्यक्ष संतोष शेट्टी के मार्गदर्शन में प्रसिद्ध मंदिरों की प्रतिकृतिया बनाकर भक्तों को दर्शन कराया जाता है। पूर्व केन्द्रीय पंचायती राज्य मंत्री कपिल पाटिल ने बप्पा का दर्शन कर मंडल द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की.उक्त मौके पर पूर्व सभागृह नेता सुमित पाटिल, भिवंडी ग्रामीण भाजपा सचिव राम माली, भाजपा शहर सचिव विशाल पठारे,अनिल जैन,संजय भोईर सहित मंडल के तमाम पदाधिकारी, गणमान्य लोग उपस्थित थे.

गौरतलब हो कि, धामनकर नाका मित्र मंडल द्वारा गरीब महिलाओं में सिलाई वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.संस्था अध्यक्ष संतोष शेट्टी के नेतृत्व में श्री भैरव सेवा समिति द्वारा संचालित भैरव नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से गणेशोत्सव मंडप में निःशुल्क नेत्र उपचार एवं निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर आयोजित हुआ. श्री भैरव सेवा संस्था प्रमुख अनिल जैन की उपस्थिति में डाक्टरों की कुशल टीम द्वारा 197 मरीजों का नेत्र उपचार किया गया.150 मरीजों को मुफ्त चश्मे वितरित किए गए.नेत्र शिविर में 15 मोतियाबिंद के मरीज पाए गए. मरीजों को धामणकर नाका मित्र मंडल संस्था के माध्यम से मुफ्त मोतियाबिंद की सर्जरी की जाएगी. उक्त जानकारी संस्था अध्यक्ष संतोष शेट्टी ने दी.

### बेहोशी की दवा देकर युवती से किया दुष्कर्म

**नवी मुंबई।** पुणे के रहने वाले युवक ने एक 24 वर्षीय युवती को बेहोशी की दवा पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है. पुलिस में दर्ज की गयी शिकायत में बताया गया है कि ललित रमेश भोसले नामक 30 वर्षीय युवक ने युवती के साथ विवाह करने की बात कही थी. बताया गया कि ललित भोसले ने उसका अश्लील वीडियो बनाया था जिसे वह सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी भी देता था और युवती के साथ मारपीट भी करता था।

## ‘मुख्यमंत्री हमारी शाला, सुंदर शाला’ उपक्रम में कालवार स्कूल अव्वल

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** ‘मुख्यमंत्री हमारी शाला सुंदर शाला’ उपक्रम के दूसरे चरण में राज्यस्तरीय अभियान अंतर्गत भिवंडी तालुका स्थित जिला परिषद कालवार शाला को प्रथम क्रमांक का गौरव हासिल हुआ है.गौरव की खातिर शाला का सहयोग करने वाले सरपंच, उपसरपंच, शाला व्यवस्थापन समिति मुख्याध्यापिका, शिक्षक-शिक्षक कर्मचारी, ग्रामवासी व पालको का अभिनंदन किया गया.

गौरतलब हो कि, भिवंडी तालुका स्थित कालवार गांव की शाला की सुसज्ज इमारत, कक्षाओं का सुशोभिकरण, सुसज्ज आयसीटी लॅब, प्रयोगशाला, परसबाग, एनएसक्यूएफ कोर्स, एचपीसी का*, विद्यांजली पोर्टल, सरल, युडायस प्लस, स्काऊट गाईड, क्रीडा क्षेत्र में कुशलता, विद्यार्थी गुणवत्ता आदि को लेकर हुई शाला प्रतियोगिता में अव्वल क्रमांक प्राप्त हुआ है. उक्त जानकारी केंद्र प्रमुख शरद जाधव ने दी है. उन्होंने बताया कि,शाला के विकास की खातिर सरपंच महेश बालाराम म्हात्रे, उपसरपंच ज्योती मोनिष म्हात्रे, ग्रामपंचाय सदस्य, ग्राम सेविका दीक्षा धिर्डे, शाला व्यवस्थापन समिति अध्यक्ष देवानंद मणिलाल म्हात्रे, उपाध्यक्ष रेखा अभिनय पाटील सहित शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी, पालक एवम विद्यार्थियों का अमूल्य योगदान रहा है. शाला के विविध उपक्रम के लिए भिवंडी गट शिक्षण अधिकारी संजय आसवले, राहनाल शाला मुख्याध्यापक अजय पाटील, अंकुश ठाकरे के कुशल मार्गदर्शन में विस्तार अधिकारी वैशाली डोंगरे, केंद्र प्रमुख शरद जाधव ने नियोजन किया. प्रतियोगिता को यशस्वी करने में मुख्याध्यापिका अनिला आकाश काबाडी, शिक्षक प्रशांत महादेव भोसले, कविता सचिन नागावेकर, स्वाती सुरेंद्र तलकर, प्रगती पंढरीनाथ पाटील, अलंकार कान्हा वारघडे, संगीता विनय पाटील, उषा संजय बंगाले का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ.


## ‘माय भारत’ पोर्टल पर आवेदन करने के लिए क्रीड़ा विभाग ने किया आवाहन

**ठाणे.** भारत देश युवाओं के देश से पहचाना जाता है और राष्ट्र के निर्माण व विकास के लिए युवाओं का बड़ा योगदान है।सामाजिक विकास के प्रवाह में युवा शक्ति का सहयोग रहेगा तो विकास होगा।इसके लिए युवक कल्याण व क्रीड़ा विभाग 18 सितंबर से 2 अक्टूबर के दरम्यान युवाओं का सहभाग विविध उपक्रम का आयोजन किया जा रहा है यह जानकारी जिला क्रीड़ा अधिकारी सुवर्णा बारटक्के ने दिया।

'माय भारत' पोर्टल पर विविध युवा उपक्रम आवेदन करने के लिए सेवाकार्य, स्वच्छता यह नया संकल्प-स्वच्छता पाखवाड़ा जैसे विविध आयोजन आयोजित किया जा रहा है।इससे युवाओं का राष्ट्र निर्माण के लिये सहभाग बढ़ेगा।विकसित भारत करने के लिए युवा योगदान दे।इस विषय पर पोर्टल पर युवा आवेदन करना आवश्यक है।इसके लिए https://mybharat.gov.in यह लिंक पर जिलें के स्कूल, कॉलेज, महाविद्यालय, राष्ट्रीय छात्र सेना,स्कॉउट गाईड इसके लिए आवेदन करें।ठाणे जिलें के विद्यापीठ व महाविद्यालय स्तर पर युवा व राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र आवेदन “माय भारत” पोर्टल पर करें।इसके लिए 15 से 29 साल के युवा आवेदन पत्र भरें।यह आवाहन जिला क्रीड़ा अधिकारी सुवर्णा बारटक्के ने किया।

## जिला परिषद बांधकाम विभाग का कामकाज हुआ ऑनलाइन

- **राज्य में पहला जिला परिषद में पेमेंट गेटवे का उपयोग**



**ठाणे.** जिला परिषद की ओर से शिक्षित बेरोजगार,मजदूर कामगार, सहकारी संस्था को बांधकाम विभाग 10 लाख के अंदर तक के विकास काम को ऑनलाइन लाटरी माध्यम से बी.जे. हाईस्कूल में वितरण किया गया।साल 2024-25 के 166 विकास काम का वितरण ऑनलाइन लाटरी पध्दति से जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे व अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. रुपाली सातपुते के हाथों से वितरण किया। इस बार जिला परिषद के अंतर्गत ग्रामीण भागों में विकास करने के लिए आज विकास काम का लाटरी पद्धति से वितरण किया गया। इसके आगे काम का वितरण ऑनलाइन लाटरी पद्धति से फेसबुक, युट्यूब से लाईव किया जायेगा।

विकास कामों को गति देने के लिए अच्छी शुरुआत हुई।मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के मार्गदर्शन में जिला में विकास काम का वितरण ऑनलाइन से पारदर्शिता आयेगी।विकास कार्य को ऑनलाइन से वितरण करने वाली राज्य की 7 वीं जिला परिषद व पेमेंट गेटवे वापर करने वाली पहली जिला परिषद महाराष्ट्र राज्य की है।इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता (बांधकाम) संदिप चव्हाण, उप कार्यकारी अधिकारी सुनिल बच्छाव, आरेखक संजीव यशवंत, बांधकाम विभाग अधिकारी व कर्मचारी, ठेकेदार, सुशिक्षित बेरोजगार बड़ी संख्या में उपस्थित थे।इसके पहले विकास काम का ऑफलाइन में चिट्ठी के माध्यम से किया जाता था।सही तरीके से विकास कार्य करने के लिए 1 करोड़ का काम ठेकेदार को पूरा करने के बाद ही दूसरा काम मिलेगा।जिला परिषद के ekamwatapthanezp.in मेल पर 866 आवेदन पत्र मिला।

## ‘परोपकार’ गणेश भक्तों को बांटेगा 1 लाख वड़ा पाव

**भिवंडी.** जनहित सेवा कार्यों में अग्रणी ‘परोपकार’ सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था द्वारा मंगलवार 17 सितंबर सार्वजनिक गणपति विसर्जन के मौके पर गणेश भक्तों को 1 लाख वड़ा पाव का वितरण किया जाएगा. उक्त जानकारी परोपकार थाना-भिवंडी क्षेत्रीय समिति अध्यक्ष मनोज दुढानी ने दी है.

परोपकार संस्था थाना-भिवंडी क्षेत्रीय समिति अध्यक्ष मनोज दुढानी ने बताया कि, ₹परोपकार₹ सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था के सदस्यों की टीम द्वारा आगामी मंगलवार 17 सितंबर शाम 4 बजे से शिवाजी चौक के समीप स्थित सिल्को हाउस के सामने 10 दिवसीय गणपति उत्सव के अवसर पर गणेश भक्तों को 1लाख वड़ा पाव वितरित किया जाएगा.उक्त अवसर पर शहर के तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित होंगे.

## ईशा के फिल्मों में आने के खिलाफ थे धर्मेंद्र

- **एक्ट्रेस बोलीं-पापा चाहते थे कि 18 साल की उम्र में मैं शादी करके घर बसा लूं**

बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा देओल ने कहा है कि उनके फिल्मों में आने के फैसले से पिता धर्मेंद्र खुश नहीं थे। वो चाहते थे कि ईशा 18 साल की उम्र तक शादी करके अपना घर बसा लें। ईशा को उन्हें फिल्मों में आने को लेकर काफी कन्विंस करना पड़ा।



एक इंटरव्यू में ईशा ने कहा, पापा थोड़े पुराने ख्यालात के थे। वो चाहते थे कि कम उम्र में ही शादी करके अपना घर बसा लूं। वे नहीं चाहते थे कि मैं फिल्मों में काम करूं। वो एक टिपिकल पंजाबी पिता की तरह थे। वो ऐसी जगह से हैं जहां उन्होंने महिलाओं को घर में उसी तरीके से बड़े होते देखा था कि कम उम्र में ही लड़कियों की शादी कर दी जाती थी। लेकिन मेरी परवरिश ऐसी नहीं हुई।

ईशा ने आगे कहा, मेरी परवरिश में मां हेमा मालिनी का ज्यादा हाथ था।उन्हें देखकर ही मेरे मन में एक्टिंग के प्रति दिलचस्पी जागी थी। हालांकि पापा को इस बात के लिए मनाने में काफी पापड़ बेलने पड़े कि मैं फिल्मों में काम करना चाहती हूं। ये बिल्कुल भी आसान नहीं था।

ईशा ने इंटरव्यू में घर के स्ट्रिक्ट माहौल के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, मेरी नानी बेहद सख्त थीं। वो हमें शॉर्ट स्कर्ट्स वगैरह नहीं पहनने देती थीं। हमें लेट नाइट भी कहीं जाने नहीं दिया जाता था।मैं कई बार इन सब चीजों से परेशान हो जाती थी और झूठ बोलकर लेट नाइट बाहर जाती थी।





FOR BOOKINGS CONTACT ON : 9322191100 / 9860255550 / 9322598788

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा



लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099